...चौराहा नहीं, पार्किंग स्टैंड कहिए जनाब

नो पार्किंग क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही है अवैध रूप से पार्किंग, ऑटो, टेंपो और ई-रिक्शा का रहता है चौराहे पर पूरी तरह कब्जा

जागरण संवाददाता, नोएडा : शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक, सेक्टर-18 और अट्टा मार्केट का चौराहा। इस चौराहे पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और निर्बाध यातायात के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर शहर का पहला अंडरपास बनाया गया। अंडरपास बनने के बाद भी वाहन चालकों को जाम से निजात नहीं मिल सकी है। अंडरपास की चारों तरफ की स्लिप रोड और मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से हो रही वाहनों की पार्किंग के कारण सड़क की चौड़ाई आधी भी नहीं रहती है। इसके बाद ई-रिक्शा और ऑटो व टेंपो चालकों की मनमानी के कारण चौराहे की स्लिप रोड और मुख्य मार्ग की चौड़ाई सिकुड़कर एक चौथाई से भी कम रह गई है। इस कारण चौराहे पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

अट्टा मार्केट में सड़क पर हो रही पार्किंग ● जागरण

सड़क पर हो रही पार्किंग ● जागरण

मेट्रो स्टेशन से लेकर चौराहे तक गलत तरीके से खड़े होते हैं रिक्शा व ऑटो : सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन से लेकर अंडरपास तक के मुख्य मार्ग और दोनों तरफ की स्लिप रोड तक ई-रिक्शा और ऑटो चालक मनमाने तरीके से खड़े होते हैं। एक लेन के बजाय तीन से चार लेन में इनकी पार्किंग होने और सवारी लेने के लिए सड़क पर जमावड़ा लगाने के कारण यातायात बुरी तरह से प्रभावित होता है। स्थिति यह है कि मुख्य सड़क पर एक लेन भी वाहन चालकों को आवागमन के लिए नहीं मिल पाती है। मेट्रो स्टेशन के दोनों तरफ ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

कार्रवाई के नाम पर होती है खानापूर्ति : अवैध रूप से खड़े होने वाले ऑटो व ई-रिक्शा के साथ अन्य वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा यहां कई क्रेन और पुलिसकर्मी तैनात किए हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। दिन में कभी-कभार कार्रवाई की जाती है। व्यस्त समय में जब यातायात व्यवस्था

एसपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह

चरमराती है, तो पुलिसकर्मी चौराहे के आसपास से भी गायब रहते हैं। नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई किए जाने के बजाय क्रेन भी चुनिंदा स्थानों से वाहनों को उठाने का कार्य करती है। जिस कारण व्यवस्था बनने के बजाय लगातार बिगड़ रही है।

रिक्शा टेंपो के लिए नहीं बना स्टैंड : मेट्रो स्टेशन के नीचे कहीं भी रिक्शा, टेंपो और ऑटो के लिए स्टैंड नहीं बनाया गया है। हालांकि मेट्रो स्टेशन से कुछ मीटर की दूरी पर स्टैंड बना है, लेकिन वहां खड़े होने के बजाय ऑटो व ई-रिक्शा चालक मुख्य सड़क पर खड़े होते हैं। यहां से लेकर स्लिप रोड तक इनकी मनमानी चलती है। वाहन चालक निकलने के लिए हार्न बजाते रहते हैं, लेकिन सवारी पूरी तरह से भरने से पहले ये ई-रिक्शा और ऑटो टस से मस नहीं होते हैं।

अवैध पार्किंग ने बढ़ा दी समस्या : स्लिप रोड पर अवैध रूप से होने वाली मोटरसाइकिल और कारों की पार्किंग के कारण जाम की समस्या गहराती है। अवैध रूप से होने वाली इस पार्किंग में खड़े होने वाले वाहन चालकों से पार्किंग शुल्क भी वसूला जाता है। यहां न तो प्राधिकरण स्तर से कोई कार्रवाई की जा रही है, न ही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई की जा रही है।

अट्टा को जाम मुक्त करने के लिए दिए सुझाव

जागरण संवाददाता, नोएडा : अट्टा को जाम मुक्त करने के लिए अट्टा मार्केट ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी झा ने जिलाधिकारी और प्राधिकरण को सुझाव भेजा है। इसके तहत अट्टा से सेक्टर 18 आने-जाने के लिए दो एफओबी के निर्माण की मांग की गई है।

सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन को रेहड़ी-पटरी मुक्त कराने की मांग भी रखी गई है। शर्मा मार्केट के लिए लेफ्ट टर्न की मांग भी की गई है। अट्टा की तरफ निकलने वाले मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियों के लिए कोई अलग व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया गया है। रेहड़ी-पटरी वालों को पहचान पत्र दिए जाने की मांग भी हुई है। अट्टा की तरफ सड़क की एक लेन को पार्किंग के लिए अधिकृत करने को कहा गया है। चौधरी मार्केट के सामने यू टर्न बनाने की भी मांग हुई है। साथ ही अट्टा को जाम मुक्त करने के लिए पुलिस और प्राधिकरण की जिम्मेदारी निर्धारित हो। जिलाधिकारी एनपी सिंह ने इस मांग को प्राधिकरण के सामने रखने की बात कही है।

बच्चों में बढ़ती तंबाकू की लत के प्रति जताई चिंता

जागरण संवाददाता, नोएडा : वर्ल्ड नॉलेज हब ऑन स्मोकलेस टोबैको सेक्टर 39 में चबाने वाले तंबाकू पर दो दिवसीय कार्यशाला बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई। इसका आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन-फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (डब्ल्यूएचओ-एफसीटी) की ओर से किया गया। देश भर से आए कैंसर विशेषज्ञों ने इस दौरान चबाने वाले तंबाकू से होने वाले खतरे व इसका सेवन बंद करने के लिए लोगों को जागरूक किया। बच्चों में बढ़ती तंबाकू की लत पर चिंता जाहिर की गई।

कार्यशाला का विषय टोबैको कंट्रोल एंड हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स रखा गया। इसमें करीब 100 विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि ज्यादातर लोग डॉक्टर के पास तब जाते हैं, जब कैंसर का स्तर काफी खराब हो चुका होता है। यदि आरंभिक स्तर में यह पकड़ में आ जाए तो कैंसर से होने वाली मौतों को बचाया जा सकता है। बशर्ते इसके लिए जरूरी है कि तंबाकू का सेवन करने वाले लोग अवश्य रूप से हर छह माह में कैंसर की स्क्रीनिंग कराते रहें। इस दौरान एनआइसीपीआर के निदेशक डॉ. रवि मेहरोत्रा, वर्ल्ड नालेज हब के डॉ. डी सिन्हा, एम्स के डॉ. जीके रथ, व वीओटी के डॉ. प्रकाश सी गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यशाला

- वर्ल्ड नॉलेज हब में तंबाकू पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न
- तंबाकू छोड़ने के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

देश के विभिन्न भागों से आए कैंसर विशेषज्ञों ने इसके विभिन्न जागरूकता, इलाज, नए शोध व नवीन तकनीकी, रोकथाम व स्क्रीनिंग पर चर्चा की गई। तंबाकू सेवन नहीं करने पर कैंसर का खतरा 60 फीसद तक कम हो जाता है।

डॉ. रवि मेहरोत्रा, निदेशक, एनआइसीपीआर

इंजीनियर ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

जागरण संवाददाता, नोएडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के साथ होने वाले अपराध को लेकर बेहद गंभीर हैं, लेकिन नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती न्याय के लिए तीन माह से भटक रही है। अब उसे नए मुख्यमंत्री से उम्मीद है। युवती के साथ सॉफ्टवेयर कंपनी में छेड़छाड़ हुई थी। साथ ही नौकरी से निकाल दिया गया था। पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। अब युवती ने ट्विटर पर सीएम और डीजीपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

सेक्टर 12 में रहने वाले युवती की नौकरी फेज दो स्थित एनइएसजेड की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में लगी थी। कंपनी के मैनेजर मुकेश कुमार और अमित बालियान युवती को लगातार परेशान कर रहे थे। युवती ने इसकी शिकायत 30 दिसंबर 2016 को ई मेल के जरिए एचआर मैनेजर से की। 3 जनवरी 2017 को युवती को अमित बालियान ने अपने केबिन में बुलाया। उससे बदतमीजी और छेड़छाड़ की। साथ ही नौकरी से निकालने की धमकी दी। युवती एचआर मैनेजर के पास गई। वहां भी उसकी कोई मदद नहीं हुई। इसके बाद युवती ने कोतवाली फेज दो में शिकायत की। जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया। पुलिस ने केस भी दर्ज नहीं किया। अधिकारियों से शिकायत के बाद कोतवाली फेज दो पुलिस ने 5 जनवरी को छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट कैसे लगाई है, इसकी जांच होगी। साथ ही युवती से बातचीत कर सभी सबूतों को ध्यान में रखकर जांच होगी। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

संदीप सिंह, सीओ

न सीसीटीवी फुटेज लिया और न मजिस्ट्रेट के सामने कराया बयान : युवती का कहना है कि कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में छेड़छाड़ की रिकार्डिंग है। इसके बाद भी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज नहीं देखा। साथ ही मजिस्ट्रेट के सामने कोई बयान भी दर्ज नहीं कराया। युवती का कहना है कि जांच अधिकारियों ने कार्रवाई की बजाए फाइनल रिपोर्ट लगाने की जानकारी दी है।

मानसिक तनाव में है युवती : युवती पिछले तीन माह से मानसिक तनाव में है। उसे अब कहीं और नौकरी करने में उसे डर लग रहा है। युवती का कहना है कि उसने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। युवती ने न्याय के लिए बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री और डीजीपी से शिकायत की है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने रेस्टोरेंट से 480 किलो पनीर किया जब्त

जासं, नोएडा : सेक्टर 82 स्थित अलकबीर रेस्टोरेंट पर जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने के दौरान 480 किलो मिसब्रांडेड (मिथ्याछाप या मिलावटी) पनीर जब्त किया गया है। मौके से खाद्य सुरक्षा विभाग ने पनीर, मैदा व स्टार्च का नमूना भी ले गया।

जिला अभिहित अधिकारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिनों पहले मीट की दुकानों का निरीक्षण करने के दौरान अलकबीर पर यह कार्रवाई की गई है। टीम मीट की दुकान का लाइसेंस जांच के इरादे से गई थी। उस दौरान मीट नहीं बेचा जा रहा था, बल्कि पनीर, मैदा इत्यादि की बिक्री की जा रही थी। मिलावटी होने पर मौके से 480 किलो पनीर जब्त की गई। बाकी पनीर, स्टार्च व मैदा का एक-एक नमूना लिया गया। इसे जांच के लिए लखनऊ भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई

- टीम मीट की दुकान का लाइसेंस जांच के इरादे से पहुंची थी
- पनीर, मैदा व स्टार्च के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए लखनऊ

आयकर जांच की फर्जी कॉल से उद्यमी परेशान, एफआइआर दर्ज

जागरण संवाददाता, नोएडा : शहर के उद्यमियों के पास आयकर सर्च के लिए लगातार फर्जी फोन कॉल आ रहे हैं। आरोपी लगातार अपना नाम बदल कर फोन करते हैं। इस प्रकार के फोन कॉल आने से उद्यमी परेशान हैं। इस मामले में एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार ने पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली सेक्टर 20 पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस शिकायत के अनुसार पिछले कुछ समय से दो मोबाइल नंबर से लगातार उद्यमियों के पास फोन आ रहे हैं। यह नंबर ट्रू कॉलर आइडी पर गर्वनमेंटल पब्लिक सर्विस के नाम से बनाई गई है। इन नंबरों से फोन कर आरोपी नाम बदल-बदल कर कई उद्यमियों के इकाइयों में आयकर सर्च के लिए आने की बात करता है। शिकायत के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि कोई व्यक्ति गर्वनमेंट पब्लिक सर्विस की फेक आइडी बनाकर उद्यमियों को फोन कर अनावश्यक परेशान कर रहा है। इस प्रकार के कॉल आने से उद्यमी परेशान हैं।

इस मामले में एनईए अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर कोतवाली सेक्टर 20 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्राथमिक जांच में पता लगा है कि यह फोन कॉल फरीदाबाद से किये गए हैं। फिलहाल पुलिस सर्विलांस की मदद से आरोपियों को पकड़ने में जुटी है।

चाइल्ड पीजीआइ में डिजिटल एक्सरे सेवा की हुई शुरुआत

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआइ में बृहस्पतिवार से शिशु मरीजों की जांच के लिए डिजिटल एक्सरे सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इसके माध्यम से अंदरूनी चोट या अन्य बीमारी के स्थान को बारीकी से देखा जा सकता है। इससे डॉक्टरों को सटीक इलाज शुरू करने में सुविधा होगी।

डिजिटल एक्सरे पूरी तरह से कलरफुल होता है। इसमें सामान्य एक्सरे से 70 प्रतिशत रेडिएशन भी कम होता है। इसे प्रिंट आउट के रूप में निकाला जा सकता है। डिजिटल एक्सरे में सामान्य एक्सरे की तुलना में बहुत कम समय लगता है। इसमें कंप्यूटर के माध्यम से एक्सरे होने वाले अंग को बड़ा करके अंदरूनी चोट या बीमारी व संक्रमण को देख सकते हैं। इसके अलावा इस एक्सरे को कंप्यूटर पर सेव करके एक स्थान से दूसरे स्थान पर ईमेल या वाट्सएप के माध्यम से भेज भी सकते हैं। चाइल्ड पीजीआइ के निदेशक डॉक्टर एके भट्ट ने बताया कि यहां जल्द ही अन्य सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा, ताकि मरीजों की मुश्किल आसान हो सके।

एक नजर

सेक्टर 17 में आज शुरू होगी नई शाखा

नोएडा : पिछले कई वर्षों से आमलोगों को कम दाम में भोजन उपलब्ध कराने वाली दादी की रसोई की एक शाखा सेक्टर 17 में खुलने जा रही है। विधायक पंकज सिंह इसका उद्घाटन करेंगे। शुक्रवार सुबह 10 बजे रजनीगंधा चौक से सेक्टर 17 की ओर पुश्ते के पास शिव नगरी फ्लाई ओवर के नीचे शुरू की जाएगी।

बिजली के जर्जर खंभे बदलने की मांग

दादरी : सीदीपुर गांव के पास मुख्य मार्ग पर बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से इन खंभों को बदलने की मांग की, लेकिन बिजली विभाग ग्रामीणों की शिकायत की अनदेखी कर रहा है। लोगों का कहना है कि इससे कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीण शीघ्र ही मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे।

खुला मेनहोल बन रहा हादसे का कारण

जासं, नोएडा : सेक्टर 62 आइआइएम कैंपस के मोड़ पर कई दिनों से मेनहोल का ढक्कन खुला पड़ा है। इससे कई वाहन हादसे का शिकार हो चुके हैं। मुख्य सड़क होने के कारण यहां से वाहनों का आना जाना रहता है। इसके बाद भी प्राधिकरण इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। चालकों के मुताबिक यह किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

सेक्टर 62 स्थित आइआइएम लखनऊ कैंपस के पास बने चौराहे पर एक मैनहोल खुला है। इससे कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। शुक्रवार शाम को भी एक चार पहिया वाहन का आगे का टायर इसमें घुस गया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों के मुताबिक पिछले कई दिनों से ये ढक्कन खुला पड़ा है। शाम होते ही कई बाइक

सेक्टर-62 में खुला सीवर का मेनहाल

चालक इससे दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। रात को हादसे की संभावना काफी बढ़ जाती है। इस मार्ग पर काफी यातायात रहता है। इसके बाद भी प्राधिकरण ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

ई-रिक्शा पर बिक रही लस्सी

जागरण संवाददाता, नोएडा : शहर में सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा का संचालन अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस व परमिट के हो रहा है। इससे यातायात बाधित हो रहा है। इस ओर किसी की नजर नहीं जा रही है। अट्टा बाजार में ई-रिक्शा पर लस्सी तक बेची जा रही है। इसकी जानकारी न तो जिला खाद्य विभाग और न ही परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों को है। सरेआम सवारी वाहनों का कामर्शियल रूप से प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

संभागीय परिवहन अधिकारी, गाजियाबाद रेंज मयंक ज्योति की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि एक सप्ताह पहले ही ई-रिक्शा, डग्गामार बस, आटो, टेंपो पर सघन कार्रवाई के लिए अभियान चलाने का चारों प्रवर्तन अधिकारी श्रीराम यादव, राजेश सिंह, एसके सिंह, अमिताभ चतुर्वेदी को आदेश दिया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक आदेश का पालन शुरू नहीं हुआ। इस ओर उच्चाधिकारियों को ध्यान देना चाहिए और कार्रवाई करना चाहिए।

अट्टा मार्केट में ई-रिक्शा पर बिक रही लस्सी ● जागरण

अवैध ई-रिक्शा, डग्गामार बसों पर सघन कार्रवाई का आदेश जारी किया जा चुका है। इसके लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया था। ई-रिक्शा पर लस्सी का कारोबार हो रहा है। इसे रोकना तो प्रवर्तन अधिकारियों का काम है।

मयंक ज्योति, संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ), गाजियाबाद रेंज

एटीएम कार्ड मान्य
सैक्स समस्याओं का सफल ईलाज
Website: www.doctorthalia.com
नि:संतान पति-पत्नी सलाह लें
इन्द्रि का ढीलापन व छोटापन
धात गिरना, स्वप्नदोष व शीघ्रपतन
शुक्राणु की कमी
डॉ0 थालिया
सी-51, सेक्टर-8, नोएडा
समय: सुबह 9:30 से सायं 6:00 तक (शुक्रवार अवकाश)
Ph.: 9810771127

सैक्स रोगों से पीड़ित पुरुषों के लिए
रोग अनुसार इलाज
समय:-10 से 7 - रविवार:-10 से 1
हीरो फार्मेसी (रजिस्टर्ड)
चाँदनी चौक, दिल्ली
फरीदा बाजार के सामने
फोन:-09212521858
हमारी कहीं कोई BRANCH नहीं है।

संभोग टाइम
बढ़ायें 50 मिनट तक अधिक रूकावट
इन्दी की मोटाई। लम्बाई बढ़ायें
टेढ़ापन। पतलापन, ढीलापन, शुगर
आयुर्वेदिक रामबाण ईलाज
फोन से भी दवा मंगवायें।
कोर्स 550/- महीना
सूर्या अमृत जीवन
0120-4 710 710
Website : www.suryaamrit.van.com
E-mail ID : info@suryaamrit.van.com

बवासीर
का सफल इलाज केवल इंजेक्शन द्वारा जीवन भर की गारंटी
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज (अनुभव 20 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
K-18, मेन स्याला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन
कोटक महिंद्रा ATM के सामने नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952
नॉन का धाना राजस्थान वालों का क्लीनिक
www.pileomit.in

NOW OPEN SECTOR-85
CARNATION
A JAGDISH KHATTAR INITIATIVE
MULTI BRAND CAR SERVICE
• Service & Spare Parts • 3D Wheel Alignment & Wheel Balancing • Paint & Body Repair • All Major Insurance Company Cash Less Facility • Insurance Renewal Facility • Car Scanning • AC Check-up & AC Servicing
C-12/5,Sector-85,Noida (Near Police Chowki, Goal Circle, India T.V.)
E-86, UPSIDC Ind. Area, Site-IV, Greater Noida
07065600015, 07065600016, 07065600017, 07065600018,19

No.1 SEXOLOGIST FOR MALE-FEMALE
गुप्त रोगी मिलें
जब कहीं न हो आराम, तो हमसे लें समाधान
शीघ्रपतन, धात, स्वप्नदोष
डॉ.शेख
हर मंगलवार-सेक्टर 18, मेट्रो के पास, भवानी मार्केट, अट्टा, नोएडा
हर बुधवार-नीलम चौक, फरीदाबाद
09927137710, 9837023223

जोश, ताकत व जवानी
हर उम्र में फिर से पायें बेडिझक मिलें
चेतन क्लीनिक
(ISO 9001:2015 Certified)
नि० गोल्चा सिनेमा दरियागंज
नि० सिब्बल सिनेमा बदरपुर
सलाह लें- 9911198851

सेहत बनाएं
कोर्स मात्र 500/- महीना
दवा घर बैठे मंगवायें।
15 दिनों में फर्क देखें
दीपक आयुर्वेदा
0129-4310055
0129-4310066

BRANDED READY MADE GARMENTS
लागत मूल्य से कम दाम पर बिक्री
नोट बन्दी के कारण करोड़ों रूपये का कारोबार ठप
सभी छोटे-बड़े दुकानदार, फैक्ट्री मालिक व छोटे-बड़े ट्रेडर्स के पास करोड़ों रूपये का रेडीमेड गारमेन्ट्स स्टॉक जाम
अब यही सब गारमेंटस खरीदें कोड़ियों के दाम
सेल सिर्फ 2 दिन 31 मार्च व 1 अप्रैल तक
(शुक्रवार और शनिवार)
300रू से लेकर 2000रू तक वाले रेडिमेड गारमेंटस
डिस्काउंट काटने के बाद अब छाँटिए
• किडज वीयर गारमेंटस मात्र 79रू में
• ब्राण्डेड टॉप, टी-शर्ट, लेडिज ओअर, लेगिंग्स व जैन्टस शर्ट मात्र 150 व 200रू में
• जैन्टस पैंट, लेडिज ट्राउजर, ब्राण्डेड कुर्ती, ब्राण्डेड जीन्स, ब्राण्डेड लोअर, ब्राण्डेउ टी शर्ट कॉलर, ब्राण्डेड शर्ट, ब्रांडेड फोरमल पैंट, लोंग कुर्ती मात्र 250रू से 350रू में
• ब्राण्डेड ब्लेजर, अब लीजिए मात्र 550रू में
ALL MAJOR CREDIT & DEBIT CARD ACCEPTED
ENTRY FREE
इनके अलावा और भी बहुत कुछ..... आप खुद ही सेल में आकर देखें
कृपया ध्यान दें बिक्री आज से केवल 2 दिनों के लिए ही होगी।
समय: प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक

सबसे अच्छा सबसे सस्ता पाने का सुनहरा मौका.....
Mumbai Production House Presents- Exclusive, Antique, Bridal, Bentex (Guaranteed) & Western Jewellery
सेल सिर्फ 2 दिन
शुक्रवार और शनिवार 31 मार्च व 1 अप्रैल
समय : सुबह 10:00 से रात्रि 09:00 बजे तक
JEWELLERY SHOPPING MELA
10 लाख ज्वैलरी पीस चाहे इनकी एक्सपोर्ट रेट 1000 रूपये तक क्यों न हो लेकिन
सिर्फ आज ₹ 20/-, 40/- और 80/- में

रेडियम प्लेटिंग डायमन्ड ब्रेसलेट	20/- में	गोल्ड प्लेटेड चेन	40/- में
वैस्टर्न ईयर रिंग	20/- में	कश्मीरी झुमके, अमेरीकन कट इयरिंग	80/- में
गोल्ड प्लेटेड सिंगल लक्की स्क्वेन फिंगर रिंग	20/- में	एण्टिक ट्रेडिशनल जड़ाउ हार	80/- में
एथनिक, हैंडमेड पर्लसैट	20/- में	जयपुरी कुन्दन सैट	80/- में
डायमंड टॉप्स	20/- में	गोल्ड प्लेटेड बैंगलस	80/- में
आस्ट्रेलियन डायमन्ड टॉप्स, सोना पत्रा टॉप्स	40/- में	अमेरिकन जरकन मंगलसूत्र	80/- में
जयपुरी लाख व पोल्की इयरिंग	40/- में	क्रिस्टल नेकलेस सैट	80/- में

V.I.P. Counter: मुम्बई फिल्म निर्माताओं को सप्लाई की जाने वाली T.V. Serial Bridal Exclusive ज्वैलरी केवल 100/- to 300/-रू तक
इम्पोर्टिड ब्रा, पैंटी Rs. 50/-
OFFER VALID TILL STOCK LAST. DISCOUNTED FIXED RATES
नोएडा जलवायू विहार कम्यूनिटी सेंटर मदर डायरी के पास, सैक्टर 21, नोएडा